# आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की तृतीय बैठक का कार्यवृत्त

**दिनांकः** 04.08.2021
**स्थानः** अधिष्ठाता कृषि संकाय समिति कक्ष **समयः** अपराह्न 3.00 बजे

**उपस्थिति सदस्यगणः**
डा0 धर्मराज सिंह
डा0 सी0पी0 सचान
डा0 आर0 के0 यादव
डा0 डी0 सिंह
डा0 सर्वेन्द्र कुमार
डा0 आर0पी0 सिंह
डा0 एन0के0 शर्मा
डा0 सीमा सोनकर
डा0 पी0के0 सिंह

**विशेष आमंत्रित सदस्य**
डा0 ए0एल0 जाटव
डा0 वाई0पी0 मलिक
डा0 संजीव कुमार सिंह
डा0 वी0के0 त्रिपाठी
डा0 एम0पी0एस0 यादव
डा0 सुशील ढिमरी
डा0 एम0डी0 शमीम

अधिष्ठाता, कृषि संकाय के समिति कक्ष में, आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल (IQAC) की तृतीय बैठक का आयोजन डा0 धर्मराज सिंह, अधिष्ठाता कृषि संकाय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। IQAC सेल के संयोजक डा0 पी0के0 सिंह ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। तृतीय बैठक में प्रस्तुत दोनों एजेन्डा पर विस्तृत चर्चा हुई। अभी तक हुई प्रगति के अधार पर निम्न बिन्दुओ पर कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।

1. नोडल अधिकारी आईसीएआर बैठक में अनुपस्थित रहें। अतः चर्चा अगली बैठक में होगी।
**(कार्यवाहीः नोडल अधिकारी ICAR)**

2. अधिष्ठाता, कृषि संकाय ने अवगत कराया कि एक व्याख्यान कक्ष (ZR) पूर्ण रूप से स्मार्ट क्लासरूम में विकसित हो चुका है तथा शेष को Smart Class Room में परिवर्तित करने हेतु प्रयास जारी है। प्रत्येक विभाग को दो सफेद बोर्ड उपलब्ध करा दिया गया है। साथ ही ZR, PR, CR, BR, R1 & R5 व्याख्यान कक्ष हेतु भी सम्बन्धित विभागाध्यक्ष को एक–एक सफेद बोर्ड उपलब्ध कराया गया है।
**(कार्यवाही –निदेशक, शोध, अधिष्ठाता कृषि संकाय)**

3. माननीय कुलपति की अध्यक्षता में एनईपी–2020 को लागू करने हेतु आहूत बैठक में लिये गये निर्णय के क्रम में सभी अधिष्ठातागण से एनईपी–2020 का Master Plan/Blue print अपेक्षित है।
**(कार्यवाहीः समस्त संकाय अध्यक्ष एवं कुलसचिव)**

4. वर्ष 2021–22 से एनईपी 2020 के क्रियान्वयन एवं 6वीं डीन कमेटी की संस्तुति के उपरान्त आवश्यकतानुसार कोर्स में परिवर्तन तथा न्यू कोर्स को प्रारम्भ करने हेतु निर्णय अपेक्षित है।
**(कार्यवाहीः समस्त अधिष्ठातागण)**

5. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, प्रोग्राम ऑफीसर एनएसएस एवं वार्डेन के सहयोग से छात्रों में चिंतन, आत्मबल एवं वाक्पटुता आदि गुणों के विकास हेतु एक वार्षिक योजना की रूप–रेखा प्रस्तुत करेगें। साथ ही साथ PG & Ph.D. छात्रों के लिये सभी विभागाध्यक्ष इन्टरएक्टिव सेसन एवं प्रजेन्टेशन का आयोजन सुनिश्चित करेगें।
**(कार्यवाहीः अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, सह–अधिष्ठाता छात्र कल्याण, इटावा, विभागाध्यक्ष, अधिष्ठाता, कृषि संकाय)**

6. विश्वविद्यालय की शोध उपलब्धियों कों प्रदर्शित करने हेतु 4 डिजिटल बोर्ड सेन्ट्रल हाल में लग चुके है।। अग्रेत्तर कार्यवाही जारी है। **(कार्यवाहीः निदेशक, शोध)**

7. अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी ने अवगत कराया कि महिला शिक्षिका/Teaching Associate के अभाव में छात्रायें विश्वविद्यालय मुख्यालय पर अध्ययनरत है।
**(कार्यवाहीः अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी)**

8. इटावा प्रांगण के सभी अधिष्ठातागण अब तक प्रकाशित विषयवार Manuals की सूची आगामी बैठक में उपलब्ध करायेगें तथा Sectional Library में सभी प्रकषित Manuals का Display सुनिश्चित कारायेगें।

**(कार्यवाहीः समस्त अधिष्ठाता, इटावा प्रांगण)**

9. अधिष्ठाता, गृह विज्ञान बैठक में अनुपस्थित रहें। **(कार्यवाहीः अधिष्ठाता, गृह विज्ञान)**

10. सभी विभागाध्यक्ष प्रकाशित Manuals की एक प्रति प्रभारी, केन्द्रीय पुस्तकालय को उपलब्ध करायें।

**कार्यवाहीः समस्त अधिष्ठातागण, प्रभारी, केन्द्रीय पुस्तकालय)**

11. समस्त अधिष्ठाता, निदेशकगण, कुल सचिव एवं विभागाध्यक्ष कुलपति द्वारा निर्गत प्रशासनिक निर्देशों का अनुपालन कर लिपिबद्ध करेंगे।

**(कार्यवाहीः समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शोध, प्रसार, बीज एवं प्रक्षेत्र, प्रशासन एवं मानीटरिंग, कुल सचिव, सम्पत्ति एवं प्रशासन अधिकारी)**

12. संयोजक, IQAC द्वारा विकसित प्रश्नोत्तरी प्रारूप को पुनः सभी सदस्यों को उपलब्ध कराया जायें। आगामी बैठक में अन्तिम निर्णय अपेक्षित है। **(कार्यवाहीः संयोजक, IQAC)**

13. विश्वविद्यालय, विभिन्न महाविद्यालय/विभागो की Self Study Report की प्रति सम्बन्धित को अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु उपलब्ध कराया जाय।

**(कार्यवाहीः नोडल अधिकारी, ICAR)**

14. छात्र एवं छात्राओं के व्यक्तित्व विकास हेतु अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभिन्न कार्यक्रमों (वाद–विवाद, खेल–कूद, गायन, लेखन आदि) का आयोजन करेंगे।

**(कार्यवाहीः अधिष्ठाता छात्र कल्याण/सह–अधिष्ठाता छात्र कल्याण, इटावा)**

15. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, छात्रावास अधीक्षकों के सहयोग से समस्त छात्रावास के मेस में गुणवत्तापूर्ण भोजन एवं साफ–सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करेगें तथा मनोरंजन के विभिन्न साधनों को गतिशीलता प्रदान करेगें।

**(कार्यवाहीः अधिष्ठाता छात्र कल्याण/सह–अधिष्ठाता छात्र कल्याण, इटावा)**

16. समस्त विभागाध्यक्ष निकट भविष्य में ICAR द्वारा Accreditation हेतु समस्त मानक के अनुसार विभाग में तैयारी करना सुनिश्चित करेंगे।

**(कार्यवाहीः समस्त अधिष्ठातागण/विभागाध्यक्ष)**

17. विश्वविद्यालय परिसर में वातावरण को सुरक्षित रखने हेतु, समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष एवं सम्पत्ति अधिकारी वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन करेगें एवं परिसर को पॉलीथीन मुक्त रखने हेतु व्यवस्था करेगें।

**(कार्यवाहीः समस्त अधिष्ठातागण/निदेशकगण/विभागाध्यक्ष/सम्पत्ति अधिकारी)**

18. सम्पत्ति अधिकारी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण के सहयोग से Biological waste management की व्यवस्था करेगें।

**(कार्यवाहीः सम्पत्ति अधिकारी एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण)**

19. सभी विभागाध्यक्ष स्नातक, परास्नातक एवं शोध छात्रों के अध्ययन एवं अन्य सूचनाओं हेतु ICT तंत्र की व्यवस्था करेगें।

**(कार्यवाहीः समस्त अधिष्ठातागण/विभागाध्यक्ष)**

PKSingh
21.8.2021

**(पी०के० सिंह)**
कन्वेनर (आई.क्यू.ए.सी.)